Virtual Schools

मार्च 2021

TDSB वर्चुअल सैकेंडरी स्कूल फैमली न्यूज़लेटर

वर्चुअल स्कूल न्यूज़लेटर के मार्च 2021 के अंक में आपका स्वागत है। हम आशा करते हैं कि आप इस मासिक प्रकाशन को सूचनाओं और अपडेटों का एक अच्छा स्रोत मान रहे हैं, जो केवल वर्चुअल स्कूल ही नहीं बल्कि पूरे टीडीएसबी में क्या हो रहा है के बारे में सूचित रहने में मदद करता है।

जैसा कि आप जानते हैं, शिक्षा मंत्रालय ने मार्च ब्रेक में देरी की, इसलिए अब हम 12 से 16 अप्रैल की आगामी ब्रेक की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हम आशा करते हैं कि सभी छात्र और परिवार कुछ डाउनटाइम का आनंद लें, क्योंकि यह सभी के लिए एक व्यस्त और चुनौतीपूर्ण वर्ष रहा है।

अधिक जानकारी और अपडेटों के लिए, कृपया www.tdsb.on.ca/virtualschool पर जाएं और ट्विटर पर @tdsbvs पर फॉलो करें।

कोविड वर्षगांठ के दौरान मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण का समर्थन करना

11 मार्च के सप्ताह ने कोविड-19 की एक साल की सालगिरह को चिह्नित किया, एक वैश्विक महामारी जिसने हमारे जीवन को हमेशा के लिए बदल दिया है। यह एक चुनौतीपूर्ण वर्ष रहा है और हमने बहुत अनिश्चितता और ज़बरदस्त बदलावों का सामना किया है। महामारी ने सामाजिक असमानताओं को उजागर करते हुए उत्पीड़न-विरोधी बातों के बारे में महत्वपूर्ण बातचीत को उत्पन्न किया। यद्यपि हम महामारी के तनाव और वजन को पहचानते हैं, हम ताकतों, समुदाय के निर्माण और हमारी दृढ़ता को भी पहचानते हैं।

हमारे बच्चों के लिए स्कूली शिक्षा में आए बदलाव और चुनौतियाँ हमें इस बात पर चिंतन करने की अनुमति देती हैं कि हमने ऐसे समयों को किस तरह से लचीलेपन, करुणा और एक-दूसरे की देखभाल के साथ सहन किया है।

डायरैक्टर अव एजुकेशन और एसोसिएट डायरैक्टरों का पूरा संदेश पढ़ें।

रिमाइंडर: मार्च ब्रेक की तारीखों में बदलाव

शिक्षा मंत्रालय ने मार्च ब्रेक में देरी (delayed) की है। ब्रेक अब **12 से 16 अप्रैल, 2021** तक है।

छात्र उपलब्धि का क्वाड ३ संचार

हालांकि क्वाड 3 के लिए कोई औपचारिक मिडटर्म रिपोर्ट कार्ड नहीं है, 22-26 मार्च के सप्ताह के दौरान टीचरों ने वर्तमान मार्क प्रदान करने के लिए छात्रों और परिवारों के साथ संवाद किया।

औपचारिक माता-पिता/अभिभावक-टीचर कॉन्फ्रेंसें नहीं होंगी। हालांकि, माता-पिता/अभिभावकों को 29 मार्च से 1 अप्रैल के बीच छात्र प्रगति पर चर्चा करने के लिए एक पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय निर्धारित करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। समय की व्यवस्था करने के लिए कृपया अपने बच्चे के टीचर(रों) से ईमेल के द्वारा संपर्क करें।

डायरैक्टर की वार्षिक रिपोर्ट

डायरैक्टर की 2020 की वार्षिक रिपोर्ट पिछले साल टीडीएसबी में हुए महत्वपूर्ण कार्यों और बहु-वर्षीय रणनीतिक योजना पर हुई प्रगति पर प्रकाश डालती है। रिपोर्ट ऑनलाइन पढ़ें।

टोरौंटो पब्लिक हैल्थ (TPH) वैक्सीन अपडेट

जैसे पूरे टोरौंटो शहर में वैक्सीन रोलआउट होता है, अधिक जानने के लिए कृपया TPH की वेबसाइट देखें।

नई आउटडोर लर्निंग वेबसाइट

सुरक्षित रूप से बाहर निकलना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। छात्रों, परिवारों और कर्मचारियों को एक सुरक्षित और शैक्षिक तरीके से आउटडोर का अधिक फायदा उठाने में मदद करने के लिए, टीडीएसबी ने एक नई आउटडोर लर्निंग वेबसाइट शुरू की है। आज ही नई साइट का अन्वेषण करें!

ऑंटैरियो सैकंडरी स्टूडेंट लिट्रेसी टैस्ट (OSSLT) अपडेट

इस साल, EQAO एक नए ऑनलाइन ऑंटैरियो सैकंडरी स्कूल लिट्रेसी टैस्ट (OSSLT) का फील्ड टेस्ट कर रहा है। इस फील्ड टेस्ट में भाग लेना अनिवार्य नहीं है और TDSB ने भाग नहीं लेने का फैसला किया है। यहाँ अधिक जानें।

TDSB वार्तालाप श्रृंखला

परिवारों को हमारे द्वारा उन विषयों पर आकर्षक और ज्ञानवर्धक वार्तालाप की एक श्रृंखला के लिए हमारे साथ शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है जिनके बारे में हमने सुना है कि आप अधिक जानना चाहते हैं। प्रमुख विशेषज्ञों से सुनें और ऑनलाइन प्रश्न और उत्तर सत्र में भाग लें।

आगामी सत्रों की तारीखें और विवरणों के लिए वेबसाइट देखें।

मानवाधिकार वार्षिक रिपोर्ट

TDSB ने हाल ही में अपनी पहली मानवाधिकार वार्षिक रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट पढ़ने के लिए, एक घटना की रिपोर्ट करने के लिए, नीतियों और प्रक्रियाओं तक पहुंचने के लिए और प्रश्नोत्तर पढ़ने के लिए, मानवाधिकारों की वेबसाइट पर जाएं।

TDSB ग्रीक विरासत महीना मनाता है

मार्च, टोरौंटो डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड में ग्रीक विरासत महीना है। यह कैनेडा में ग्रीक कनेडियन लोगों की कई उपलब्धियों और योगदानों को पहचानने और उनका जश्न मनाने का अवसर है, और ग्रीक संस्कृति के इतिहास को चिह्नित करने और उसका आनंद लेने का अवसर है।अधिक जानें।

इस वर्ष के लिए विषय है:
1821-2021
स्वतंत्रता और एकता – Ελευθερία και Ενότητα
अपनी जड़ों से सीखना...हमारे भविष्य को आकार देना

गाइडेंस टीम की ओर से समाचार

पोस्ट-सैकंडरी रिमाइंडर

- जिन छात्रों ने ऑंटैरियो कॉलेजों या यूनिवर्सिटियों में अप्लाई किया है, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे OCAS या OUAC के साथ फाइल पर अपनी शैक्षणिक जानकारी की समीक्षा करने के लिए OCAS वेबसाइट या OUAC वेबसाइट पर अपनी ऑनलाइन एप्लिकेशन में नियमित रूप से लॉग इन करें। यदि परिवर्तनों की आवश्यकता होती है, तो छात्रों को वर्चुअल सैकंडरी स्कूल OCAS/OUAC अकाउंट इश्यूज़ गूगल फॉर्म (Account Issues Google Form) का उपयोग करके VSS गाइडेंस टीम से संपर्क करने की सलाह दी जाती है।

- यदि आपने ऑंटैरियो के बाहर किसी कॉलेज या यूनिवर्सिटी में अप्लाई किया है और आपको अपनी एप्लिकेशन के साथ सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया अपने होम स्कूल गाइडेंस काउंसलर से संपर्क करें। TDSB वर्चुअल स्कूल के लिए *माईडेंट* (Mident) संख्या 936990 है, यदि ऑंटैरियो के बाहर के कॉलेज या यूनिवर्सिटियां आपसे उस जानकारी का अनुरोध कर रहे हैं।

ग्रेड 11 और 12 कोर्सों के लिए क्वाड 3 पूर्ण प्रकटीकरण तारीख

- VSS में ग्रेड 11 और 12 कोर्सों में नामांकित छात्रों के लिए रिमाइंडर कि क्वाड 3 के लिए पूर्ण प्रकटीकरण तारीख **मंगलवार, 6 अप्रैल, 2021** है।

- यदि कोई छात्र ग्रेड 11 या 12 कोर्सों में नामांकित है, जिसे वे ड्रॉप करना चाहते हैं और चाहते हैं की वह कोर्स आधिकारिक ट्रांस्क्रिप्ट पर दिखाई ना दे, तो उन्हें मंगलवार, 6 अप्रैल, 2021 दोपहर 3 बजे

तक कोर्स (ड्रॉप) से अपना नाम वापस लेना अनिवार्य है। यदि ग्रेड 11 या 12 का छात्र पूर्ण प्रकटीकरण तारीख के बाद कोर्स में से अपना नाम वापस लेता है, तो कोर्स उनकी आधिकारिक ट्रांस्क्रिप्ट पर दिखाई देगा, उनके वर्तमान मार्क के साथ जो भी वापस लेने की तारीख पर था, उसके साथ W (withdrawal) लिखा होगा।

- कोर्स (ड्रॉप) से नाम वापस लेने के लिए, छात्रों को अपने OSR (होम) स्कूल गाइडेंस काउंसलर

  से संपर्क करके और कोर्स से नाम वापस लेने का अनुरोध करना अनिवार्य है। यदि कोई छात्र 18 वर्ष से कम उम्र का है, तो उनके माता-पिता/अभिभावक को नाम वापसी को मंजूरी देने के लिए OSR (होम) स्कूल गाइडेंस काउंसलर से संपर्क करना होगा।

VSS प्रशासक वर्चुअल क्लासों में शामिल होते हैं

VSS प्रशासक अक्सर क्लासों में आते हैं, जैसा कि वे इन-पर्सन क्लासों में करते थे। एक प्रशासक ने निम्नलिखित अनुभव साझा किया:

"मुझे अपने टीचर सहयोगियों की क्लासों में जाने का अवसर मिला है। अनुभव हवाई में ज्वालामुखी गतिविधि, पाकिस्तान में भूकंप और जलवायु परिवर्तन के बारे में चैट स्पेस में टेक्स्टिंग में लगे छात्रों से अच्छी तरह से शोध और संगठित समूह प्रस्तुतियों तक रेंज करते थे।

मैंने वर्चुअल वातावरण में आने वाली चुनौतियों का उल्लेख किया, लेकिन देखा कि टीचर इस अवसर पर ऊपर उठे हैं और छात्रों को सहज सीखने के अनुभव प्रदान करने के लिए टैक्नोलजी में महारत हासिल कर रहे हैं।

माइंडफेस्ट

परिवार अध्ययन विभाग ने सैकंडरी और पोस्ट-सैकंडरी छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए यूनिवर्सिटी अव टोरौंटो के मनोचिकित्सा विभाग द्वारा आयोजित एक वार्षिक कार्यक्रम *माइंडफेस्ट* (8-12 मार्च) को बढ़ावा दिया। इस साल महामारी के दौरान मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के संघर्ष पर केंद्रित विषयों के साथ वर्कशॉप्स पूरी तरह से ऑनलाइन चली थीं। डा. केनेथ फंग (Dr. Kenneth Fung) की बातचीत की ऑनलाइन रिकॉर्डिंग यहां देखें: *महामारी के दौरान लचीलेपन और खुशी को विकसित करना*।

VSS पर को-औप: रियल वर्ल्ड, ऑनलाइन

छात्र VSS में कोऔपरेटिव शिक्षा के क्षेत्र में कई स्थानों से प्लेसमेंटों का आनंद ले रहे हैं। वे अपने संचार कौशल को परिष्कृत कर रहे हैं और अपने रिज्यूमे बनाते समय संबंध बनाने के लिए आत्मविश्वास और क्षमता विकसित करना जारी रख रहे हैं। खोजे जा रहे कुछ रोमांचक करियरों में शामिल हैं: टीचर असिस्टेंट, स्वास्थ्य क्षेत्रों में क्लैरिकल असिस्टेंट, पत्रकारिता, वित्तीय विश्लेषण, गैर-लाभकारी कार्य, इंटीरियर डिज़ाइन, पर्यावरण विज्ञान, ट्रांसपोर्टेशन, लौ इंफोर्स्मेंट, और निर्माण और डिजाइन में जांच। टीचर लगातार रिपोर्ट करते हैं कि स्टूडेंट सुपरवाइज़र छात्रों द्वारा प्रदर्शित समर्पण और प्रतिबद्धता से प्रभावित हैं। शाबाश!

को-ऑप छात्रों को वर्चुअल ढंग से नियुक्त करने के सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में से एक ट्रेडों रहा है, लेकिन थोड़ी सी रचनात्मकता के साथ, एक को-ऑप टीचर ने ट्रांसपोर्टेशन क्षेत्र में रुचि रखने वाले छात्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए "को-ऑप ट्रांसपोर्टेशन अनुभव" को विकसित करने के लिए एक ऑटो टीचर के साथ काम किया।

अपने दूसरे क्वैड में, ट्रांसपोर्टेशन एक्सपीरियंस में साप्ताहिक अतिथि वक्ताओं को शामिल करने के लिए विस्तार किया गया है, जिसमें ओंटैरियो यूथ अपरेंटिसशिप प्रोग्राम (Ontario Youth Apprenticeship Program), विशेष TDSB ऑटो प्रोग्राम, सेंटेनियल कॉलेज (Centennial College) प्रोग्राम और सिटी ऑफ टोरौंटो फ्लीट सर्विसिज़ (City of Toronto Fleet Services) शामिल हैं। कार्यक्रम में छात्र विभिन्न प्रकार की ट्रांसपोर्टेशन पृष्ठभूमि से आते हैं और सभी संलग्न हैं जैसे वह अधिक जानने के लिए मॉड्यूल और विषय चुनते हैं।

एक वर्ष के दौरान जहां सब कुछ बदल गया, छात्रों और शिक्षकों ने ऑनलाइन दुनिया में सहकारी शिक्षा को सुलभ और रोमांचक बनाने के लिए अनुकूलित किया, परिष्कृत किया, फिर से कल्पना की और नई रणनीतियां विकसित की और यह भविष्य में उन छात्रों के लिए जारी रहेगा जो को-औप में संलग्न हैं!

डीडी विभाग *"मार्च फेक"* मनाता है

"मार्च फेक" के रूप में जानी जाने वाली पहली इन-स्कूल मार्च ब्रेक में पायजामा डे, जर्सी डे, सेंट पैडी डे का उत्सव, सिली हैट डे और शुक्रवार को एक बीच डे और डांस पार्टी शामिल थे। सुबह के तीनों ग्रीटिंग ग्रुप्स के बीच विभाग का डांस-ऑफ था और छात्र बहुत संलग्न थे और खूब मज़ा करते थे!

हॉस्पिटैलिटी डक कुकिंग स्कूल में गया

हमारे VSS कलिनरी कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, टीचर माइकल वार्टी ने अपनी क्लास के लिए प्रासंगिक वर्चुअल फील्ड ट्रिप्स की व्यवस्था की है। 19 मार्च को हॉस्पिटैलिटी के छात्रों ने स्टोविल में किंग कोल डक्स (King Cole Ducks) के क्रिस कोंज़ेलमैन (Chris Conzellmann) के साथ बतख (Duck) बनाने के एक वर्चुअल प्रदर्शन में भाग लिया। उत्साही प्रेज़ेंटेशन का फोकस स्थानीय, नैतिक और स्थायी खेती थी। हॉस्पिटैलिटी का ऑनलाइन प्रारूप कोर्स की सैद्धांतिक अपेक्षाओं को प्राप्त करने के लिए एक उत्कृष्ट वातावरण है जो अक्सर रसोई की सैटिंग में सफल होना मुश्किल होता है।

इन निर्देशित, वर्चुअल टूरज़ के माध्यम से, छात्र गतिशील और इंटरैक्टिव गतिविधियों में लगे हुए हैं। छात्र वर्चुअल वातावरण में वास्तविक जीवन के अनुभव प्राप्त करते हैं, जहां एक बावर्ची डेमो रसोई से ऑनलाइन खाना पकाने के साथ उद्योग भागीदारों के साथ बातचीत करते हैं।

भोजन की बात करते हुए...

छात्र घर पर हो सकते हैं, लेकिन वे अभी भी भोजन प्रयोगशाला का अनुभव करते हैं! हालांकि वे कुछ अलग रूप लेते हैं, और सुरक्षा हमेशा प्राथमिकता होती है, फैमली स्टडीज़ फूड्स कार्यक्रमों (HFN, HFC और HFA) में छात्र फिर भी उनके कुकिंग शो का हिस्सा बनते हैं। शाकाहारी स्नैक्स, पिज्जा, अंतरराष्ट्रीय खाद्य पदार्थों का पूरे वर्ष भर में प्रयास किया गया है। छात्रों को स्वस्थ, घर के भोजन की तैयारी और पौष्टिक भोजन को प्रोत्साहित करने के हमारे विशाल लक्ष्य के साथ छात्र जो तैयारी करते हैं उस में बहुत लचीलापन है!

स्पैशल एजुकेशन विभाग की आगे की योजनाएँ

VSS स्पैशल एजुकेशन विभाग विशिष्ट सीखने की जरूरतों के साथ छात्रों का समर्थन करने के बारे में भावुक है और छात्रों में कोडिंग, पॉडकास्टिंग, विज़ुअल आर्ट्स, नृत्य और संगीत सहित विभिन्न प्रतिभाएं हैं।

विभाग के वर्तमान फोकस क्षेत्र छात्र कल्याण, इक्विटी, स्व-समर्थन और ट्रांज़िशन हैं और वे ग्रेड 11 और 12 के लर्नरज़ को पोस्ट-सैकंडरी मार्ग बताने के लिए सत्र प्रदान करना चाहते हैं। शेरिडन कॉलेज और यॉर्क यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि लर्निंग डिसेबिलिटी, ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम और/या शारीरिक विकलांग छात्रों के लिए पोस्ट-सैकंडरी संस्थानों में उपलब्ध समर्थनों और इंतज़ामों के बारे में बात करेंगे।

स्पैशल एजुकेशन टीचर छात्रों की सफलता का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं! लर्निंग स्ट्रेटेजीज क्लासें छात्रों को उनकी सीखने की कला दिखाने के लिए निरंतर जारी, रचनात्मक तरीके प्रदान करती हैं। इस बात का ध्यान रखें कि हमारे अधिकांश शिक्षार्थी सितंबर में इन-पर्सन स्कूल में वापस जाएंगे, हम इरादतन छात्रों के आत्म-सम्मान और स्व-समर्थन कौशल का निर्माण करते हैं। ज्ञान शक्ति है!

हम शिक्षार्थियों को VSS में उनकी शिक्षा में भागीदार के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करना जारी रखते हैं।

VSS डिबेट और पब्लिक स्पीकिंग क्लब

अक्टूबर 2020 से, छात्रों को संलग्न करने और छात्रों को लॉकडाउन के इस समय में आवाज देने में मदद करने का एक सपना पैदा हुआ था। लक्ष्य एक डिबेट और पब्लिक स्पीकिंग क्लब था और VSS घोषणाओं और टीचरों द्वारा ज़ुबानी विज्ञापन के माध्यम से, 180 छात्रों के साथ क्लब लॉन्च हुआ! कई समर्पित शिक्षक भी आगे आए और क्लब एक प्रभावशाली 300 छात्रों में विकसित हुआ!

क्लब स्व-अभिव्यक्ति की कई शैलियों की पेशकश प्रदान करता है। क्लब में हमारी पहली भेंटें ब्रिटिश संसदीय/कनेडियन संसदीय डिबेट और मॉडल यूनाइटेड नेशन्ज़ डिबेट रही हैं। अक्टूबर से, हमने तीन मॉडल यूएॅन कॉन्फ्रेंसें और दो ब्रिटिश संसदीय डिबेट टूर्नामेंट चलाए हैं।

हमारे TDSB VSS मॉडल यू ऍन छात्रों ने हाल ही में सकारब्रो यू अव टी मॉडल यूनाइटेड नेशन्ज़ कॉन्फ्रेंस (Scarborough U of T Model United Nations Conference - SMC) में चार (!) पुरस्कार जीते हैं। क्लब के ब्रिटिश संसदीय डिबेटरों ने हैलिफ़ैक्स वारियर्स कप में भी भाग लिया, जहाँ हमने दस टीमें जमा कीं! हम अपने टीचर्स सलाहकारों और यू अव टी (U of T) और क्वींस यूनिवर्सिटी डिबेट यूनियनों की टीम के साथ कई कार्यशालाएँ और सेमिनार चलाते हैं। छात्र केवल जी नहीं रहे हैं बल्कि फल-फूल रहे हैं!

क्लब ने उन छात्र नेताओं की पूरी सूची चुनी है, जिन्होंने एक भारी कार्यभार और हमारे क्लब के संविधान और इक्विटी नीति का मसौदा तैयार करने और क्लब के पब्लिक स्पीकिंग शाखा का विस्तार करने के लिए सार्वजनिक बोलने की तीन नई शैलियों की पेशकश की है: टोस्टमास्टर्स (Toastmasters), मंक डिबेट्स (the Munk Debates) और स्पोकन वर्ड (Spoken Word)।

टीचर सलाहकारों से विचार:

"हम उम्मीद करते हैं कि जब आमने-सामने का इन-पर्सन स्कूल दोबारा शुरू होगा, तो यह क्लब उन स्कूलों तक पहुँच सकता है जिनके पास डिबेट टीचर सलाहकार नहीं हैं। शायद यह किसी बड़ी चीज की शुरुआत है!"
– मार्क वू (Mark Woo)

"जो ऊर्जा और उत्साह छात्र डिबेट में लाते हैं वह वर्चुअल स्कूल को हर हफ्ते उतना बेहतर बनाता है। *उनकी दलीलें सुनना, हर टूर्नामेंट में उनकी बढ़त देखकर मुझे याद दिलाता है कि हमारे छात्र रचनात्मक और कुशल, हाजिर जवाब और सबसे अधिक लचीले हैं।"*
- डेबी लेरेच (Debbie Lerech)

रीचिंग फॉर द टॉप क्लब (Reaching for the Top Club)

वर्चुअल स्कूल ने इस वर्ष स्वयं के रीच फॉर द टॉप क्लब की मेजबानी की है।

कैनेडा का रीच फॉर द टॉप के साथ एक लंबा इतिहास है। 1961 में, ब्रिटिश कोलंबिया के CBC सहयोगी ने यूके के *टॉप ऑफ़ द फॉर्म (Top of the Form)* शो को आधार बनाते हुए कार्यक्रम बनाया। CBC ने शो की मेजबानी की और इसकी लोकप्रियता में वृद्धि हुई। एलेक्स ट्रेबेक (Alex Trebek) ने भी कुछ वर्षों तक टोरौंटो कार्यक्रम की मेजबानी की। देश भर में, हाई स्कूलों की टीमों को चुनौतीपूर्ण सवालों के जवाब देते हुए देखने के लिए परिवार साप्ताहिक रूप से जुड़ते। सबसे अधिक अंकों वाली टीम जीतती है।

VSS रीच फॉर द टॉप (RFTT) क्लब 200 छात्रों और आठ कर्मचारियों के लिए एक उत्कृष्ट अनुभव रहा है जिन्होंने जनवरी में RFTT टीम बनाई थी। स्टाफ प्रायोजक श्री गोल्डबर्ग ने सभी ग्रेड स्तरों के छात्रों को 32 टीमों में रखा - 16 सीनियर और 16 मध्यवर्ती। टीमों ने *रीच फॉर द टॉप* इतिहास के लिए सबसे बड़ा इंट्राम्यूरल राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट पूरा किया- कुल 104 गेमें, हर हफ्ते लगभग 15 गेम चल रहे हैं।

मध्य-मार्च तक, प्लेऑफ़ समाप्त हो गए हैं और भाषणों, वर्चुअल पुरस्कारों और एक ट्रिविया *काहूट (Kahoot)* के साथ एक समापन समारोह संपन्न होगा! जो एक टीचर द्वारा तैयार किया गया था। यह विचार एक छात्र प्रतिभागी से आया, जो इस कार्यक्रम में बोलेंगे।